हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 18 जुलाई 2024

04 बजरंग दल ने घटना की शिकायत की व्यवस्थाओं ...



07 व्यक्ति स्वर्ग की चाहत रखता है, लेकिन...





## खबर संक्षेप में

### आगर जिले में 41.9 एमएम औसत वर्षा

**नलखेड़ा।** जिले में बुधवार की सुबह 8 बजे तक बीते चौबीस घंटे में 41.9 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिसमें तहसील आगर में 51 एमएम, बड़ौद में 65 एमएम, सुसनेर में 12 एमएम तथा नलखेड़ा में 39 एमएम वर्षा दर्ज की गई है। जिले में इस वर्ष अब तक कुल 268.9 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिसमें सर्वाधिक वर्षा तहसील आगर में 409.7 एमएम तथा सबसे कम तहसील सुसनेर में 143 एमएम वर्षा दर्ज की गई है। शेष दो तहसील बड़ौद एवं नलखेड़ा में क्रमशः 326 व 197 एमएम वर्षा हुई है। गत वर्ष इस अवधि में 312 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 899.9 एमएम है।

### रोजगार मेला आष्टा में

**सीहोर।** जिले के सभी जनपदों में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सिक्युरिटी एण्ड इन्टेलिजन्स सर्विसेज अनूपपुर द्वारा सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर, सुरक्षा अधिकारी के 350 पदों पर भर्ती की जायेगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि आष्टा जपं परिसर में 17 एवं 18 जुलाई को, सीहोर जपं परिसर में 21 एवं 22 जुलाई को, बुधनी जपं परिसर में 23 एवं 24 जुलाई को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक रोजगार मेले का आयोजन होगा। रोजगार मेले में वह आवेदक जिनकी शैक्षणिक योग्यता 10 वी पास/फेल से स्नातक तक, आयु 19 वर्ष से 36 वर्ष तक, उचाई 167.5 से.मी. से 170 से.मी. तक, सीना 77 से 82 से.मी. एवं वजन 56 से 90 किलो ग्राम हो वह इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदक को योग्यता अनुसार रूपये 14000 से 35000 तक वेतनमान दिया जावेगा। नियुक्ति होने पर स्थायी नौकरी, वार्षिक वेतन वृद्धि, पदोन्निति, बोनस, पेंशन, ग्रेच्युटी, प्रोविडेंट फंड, ई.एस.आई.सी. दुर्घटना बीमा, सेवा प्रावधान, लोन सुविधा, मैस व आवास सुविधाएँ प्रदान की जाएगी।

### लोबान, अगरबत्ती की सुगंध से महक उठे बाजार, अखाड़े के कलाकारों ने दिखाए करतब

# हजरत इमाम हुसैन की शहादत पर नगर में ताजियों के साथ अलम जुलूस निकाला





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मुस्लिम समाजजनों द्वारा पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत पर उनकी याद में मनाए जाने वाले 10 दिवसीय मोहर्रम पर्व के अंतिम दिन बुधवार को नगर में अखाड़ों के साथ आकर्षक ताजियों का जुलूस निकाला गया। उज्जैन संभाग में नलखेड़ा नगर एक ऐसा स्थान है जहां पर मोहर्रम पर्व पर नगर के सभी स्थानों के ताजिए बड़े साहब को लेने उनके स्थान पर मेवातीपुरा पहुंचते हैं। नगर में हजरत इमाम हुसैन की शहादत के पर्व मोहर्रम को अनके अनुयायियों द्वारा यादे हुसैन के रूप में दस दिनों तक मनाया गया। पर्व के अंतिम दिन बुधवार को आकर्षक ताजियों का कारवां नगर में निकाला गया। इसके पूर्व अखाड़ों के साथ अलम जूलुस निकाले गए।

मोहर्रम पर्व के दौरान मुस्लिम समाज द्वारा जहां प्रतिदिन यादे हुसैन में परंपरानुसार दुलदुल का चल समारोह रात्रि में अखाड़ों के साथ विभिन्न मोहल्लों से निकाले गए। बुधवार को प्रातः ठाकुर मोहल्ला व मेवातीपुरा से अलम जुलूस अखाड़ों के साथ नगर में निकाले गए। जुलूस में आगे आगे अश्व पर बैठे युवा हाथों में धार्मिक ध्वज लिए चल रहे थे, वहीं अखाड़ों के कलाकारों द्वारा करतब दिखाए गए।



### अली अजगर को झूले में झुलाया

जुलूस के दौरान बैंड़ की धुन पर इमाम हुसैन की शहादत के गीत गाए जा रहे थे, वहीं जुलूस पर तोप द्वारा फूलों की वर्षा की जा रही थी। अलम जुलूस में अली अजगर के झूले की झांकी आकर्षक ढंग से फूलों से सजाकर निकाली गई। समाजजनों व बच्चों द्वारा उत्साह के साथ झूले को झुलाकर इमाम हुसैन के प्रति अपनी आस्था को प्रकट किया गया।

### सिन्नी और अगरबत्ती चढ़ाकर की गई मन्नते

नगर के चौक बाजार में सभी ताजियों का मुकाम उनके निर्धारित स्थान पर लगाया गया। जहं पर मुस्लिम समाज के साथ ही सभी वर्गों के नागरिकों द्वारा मोर्हरम पर सिन्नी (चिरोंजी) चढ़ाकर ताजियों के समक्ष अगरबत्ती व लोबान लगाकर मन्नते मांगी गई। मुस्लिम समाज के युवाओं द्वारा चौक बाजार में पानी एवं शरबत के स्टॉल लगाकर सभी को इसका वितरण किया गया।

### विधायक ने मोहर्रम प्रमुखों का किया सम्मान

मोहर्रम पर्व को लेकर सुसनेर क्षेत्र के विधायक भेरूसिंह परिहार बापू द्वारा स्थानीय चौक बाजार में सभी मोहर्रम प्रमुखों के साथ वरिष्ठ मुस्लिम समाजजनों का साफा बांधकर सम्मान किया गया। विधायक द्वारा चौक बाजार में ही सभी मोहर्रम के मुकाम पर पहुंचकर पुष्पहार चढ़ाए गए।

### बड़े साहब को लेने पहुंचे सभी ताजिये

उज्जैन संभाग में नलखेड़ा नगर ही ऐसा स्थान है जहं बड़े साहब को लेने के लिए नगर के सभी ताजिये उनके मुकाम पर पहुंचते हैं। जहं पर बड़े साहब को ताजियों के कारवां में सबसे आगे रखकर नगर में निकाला जाता है। बुधवार को दोपहर 1 बजे चौक बाजार से सभी ताजिये बड़े साहब को लेने के लिए घाटी उपर किले के पास गए, जहां से नगर में ताजियों का कारवा प्रारंभ हुआ। आगे-आगे बड़े साहब का ताजिया था उसके बाद विभिन्न मोहल्लों के 6 ताजिये इसमें साथ चल रहे थे। रात्रि में 11 बजे सभी ताजिये अपने-अपने मुकाम से करबला मैदान के लिए रवाना हुए, जहां पर ताजियों का विसर्जन किया गया।



# 'पार्टी की विजयी कार्यकर्ताओं की मेहनत का प्रतिफल है'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

**भाजपा ने मतदान केंद्र कार्यकर्ताओं का किया अभिनंदन**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्णयानुसार लोकसभा चुनाव में मप्र में 29 में से 29 सीट पर पार्टी के विजयी होने पर पार्टी के मतदान केंद्र कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया जा रहा है। बुधवार को भाजपा के नलखेड़ा मंडल के शक्ति केंद्र गोठड़ा व धरोला का कार्यकर्ता सम्मेलन एवं कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह कालाजी की डूंगरी देहरी में आयोजित किया गया। समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष चिंतामन राठौर ने कहा कि पार्टी के मतदान केंद्र के कार्यकर्ताओं की ताकत से ही प्रदेश में पार्टी की अभी तक की सबसे बड़ी विजयी हुई है। सही मायने में यह विजयी पार्टी के छोटे से छोटे कार्यकर्ता की मेहनत का प्रतिफल है। समारोह में सभी कार्यकर्ताओं पर फूल बरसा कर अभिनंदन किया गया एवं पार्टी का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष चिंतामन राठौर, सेक्टर प्रभारी राधेश्याम पाटीदार, एक पेड़ मां के नाम प्रभारी रमेश पाटीदार, मंडल मंत्री भवरसिंह चंद्रावत, धरोला शक्ति केंद्र संयोजक भोनीराम पाटीदार, गोठड़ा शक्ति केंद्र संयोजक बालचंद पाटीदार, वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रभुलाल गुर्जर, चंदरसिंह गुर्जर आदि उपस्थित थे।





# सिद्धपीठ पर कर्मचारियों को मिले अग्निशमन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर में मां बगलामुखी का मंदिर स्थित है। जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में हवन अनुष्ठान होते हैं, जिससे उस दौरान परिसर में अग्नि प्रज्वलित रहती है। ऐसे में किसी अनहोनी से बचाव के लिए मंदिर पर मौजूद रहने वाले प्रबंध समिति के कर्मचारियों को अग्निशमन का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। मां बगलामुखी मंदिर पर अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए हवन अनुष्ठान करने की मान्यता है। जिसके लिए मंदिर प्रबंध समिति द्वारा मुख्य मंदिर के पीछे व समीप स्थित पार्क में यज्ञशाला बनाई गई है। दोनों स्थानों पर मिलाकर लगभग 80 हवन कुंड हैं।

सिद्धपीठ पर आम दिनों में लगभग 100 एवं पर्वों अथवा अवकाश के दिनों में लगभग एक हजार हवन अनुष्ठान होते हैं। मंदिर परिसर में आम दिनों में लगभग एक हजार एवं पर्वो अथवा अवकाश के दिनों में दो से चार हजार भक्त मौजूद रहते हैं। मंदिर परिसर में लगभग हर समय हवन अनुष्ठान होते रहते हैं। जिसके चलते अग्नि प्रज्वलित रहती है। जिसके कारण कभी भी आग लगने का भय बना रहता है। ऐसा कुछ मौकों पर हो भी चुका है। जब हल्की आग लगने की घटना हुई और उस पर तत्काल काबू भी पा लिया गया। लेकिन यदि यही घटना कभी विकराल रूप धारण कर ले तो वहां रहने वाले भक्तों में भगदड़ मच सकती है, क्योंकि प्रबंध समिति द्वारा अग्निशमन के लिए दोनों यज्ञशालाओं में मात्र 3-3 सिलेंडर रखे हुए हैं, साथ ही प्रबंध समिति के कर्मचारियों को अग्निशमन का प्रशिक्षण भी नहीं दिया गया है। ऐसे में घटना बड़ा रूप ले सकती है। ऐसे में मंदिर प्रबंध समिति को मंदिर पर मौजूद रहने वाले कर्मचारियों को अग्निशमन का प्रशिक्षण दिलवाना चाहिए। साथ ही प्रबंध समिति द्वारा फायर सेफ्टी के लिए अन्य साधन भी हर समय मंदिर पर उपलब्ध हो सके ऐसी व्यवस्था की जाना चाहिए।

# प्रमुख मार्ग से निकला ताजियों का जुलूस, इमाम हुसैन को किया याद, जगह-जगह छबील लगाकर शरबत पियाया

**कानड़।** त्याग व बलिदान का पर्व मुहर्रम की 10वीं तारीख यौम-ए-आशुरा पर नगर के प्रमुख ताजियों का जुलूस निकला, इमाम हसन हुसैन को याद किया गया। जामा मस्जिद इमाम चौक, औलिया मस्जिद इमाम चौक से तजियों का जुलूस प्रमुख मार्ग से निकला जो पीपल चौक पहुंचा। यहां रोशन अखाड़े, हैदरी अखाड़े के कलाकारों ने करतब दिखाए। शहर काजी सरफराज अली, उस्ताद मज्जू खां, यूसुफ खां, सिद्दीकी शिशगर, सोनू खान, रसीद मंसुरी, आजम मंसुरी का नप अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी, ओमप्रकाश पालीवाल, कन्हैयालाल परमार, पार्षद कालूसिंह बिजापारी, मुस्लिम समाजजनों का साफा बांधकर स्वागत किया। पूर्व नप अध्यक्ष सिद्धनाथ चौधरी, कैलाश परिहार आदि ने अखाड़े में पहुंचकर उस्तादों का साफा बांधकर सम्मान किया। यौमे ए आशुरा मोहर्रम की 9 व 10 तारीख को महिला पुरुष ने रोजे रखकर इबादत की।



मौलाना मोहम्मद रईस ने बताया कि मोहर्रम की 9 व 10 तारीख़ को कई समाजजनों ने रोजे ऱखकर नमाज अदा की। यौमे ए आशुरा पर कई जगहों पर छबील लगाकर शरबत पिलाया गया। कई घरों में छोटे बच्चों को हलीम बनाकर खिलाया गया। बड़ा तकिया, खिरनी तकिया, मनिहार मोहल्ले, मलों के ताजियों को गुरुवार को लखुंदर नदी में समाजजनों द्वारा ठंडा किया।

# जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक हुई

**सीहोर।** जिला पंचायत सभा कक्ष में कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में यूआईडीएआई प्रबंधक तथा जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस द्वारा जिले में आधार से संबंधित गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिये कि जिले में उपलब्ध सभी आधार किटों को समयबद्ध तरीके से क्रियाशील किया जाये। उन्होंने जिले में आधार कार्ड नामांकन और अद्यतन की प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों के नए आधार नामांकन के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग और इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की मोबाइल आधार किट से गांवों में शिविर, संबंधित तहसीलदार द्वारा 18+ वयस्क नए आधार नामांकन सत्यापन मामलों का शीघ्र निपटान करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने आमजन से यह अपील की है कि वे अपने 5 से 7 और 15 से 17 वर्ष की आयु के बच्चों के आधार में लंबित अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट करायें एवं आधार में अपने दस्तावेज़ अपडेट कराएं। बैठक में यूआईडीएआई प्रबंधक ने बताया कि आमजन यूआईडीएआई वेबसाइट (https://bhuvan-app3.nrsc.gov.in/aadhaar/) पर अपने निकटतम आधार सेवा केंद्र का पता लगा सकते हैं। 18 वर्ष से अधिक आयु के नए आधार नामांकन की सुविधा सभी डाकघरों और लोक सेवा केंद्रों में उपलब्ध है। बैठक के पश्चात यूआईडीएआई प्रबंधक द्वारा ज़लिे के आधार ऑपरेटरों के लिए ई-दक्ष केंद्र में प्रशिक्षण आयोजित किया गया एवं ऑपरेटर्स की आधार कार्य से सम्बंधित समस्याऔं का निदान भी किया गया।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, नितिन टाले, आनंद सिंह राजावत, एसडीएम जमील खान, तन्मय वर्मा, स्वाति मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह, यूआईडीएआई प्रबंधक तथा जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पुरातत्व महत्व की धरोहर हो रही खंडहर में तब्दील, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# आगर जिले का प्राचीन किला हो रहा दुर्दशा का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर आजादी के पूर्व ग्वालियार रियासत का एक सूबा था। जहां पर रियासत की ओर से नगर में एक मजबूत व विशाल किले का निर्माण करवाया गया था। रियासत की ओर से नगर में एक सूबेदार की नियुक्ति भी उस समय की गई थी। लगभग 5 बीघा क्षेत्र में चारों ओर ऊंची-ऊंची दिवारें और विशालकाय 6 बुरंज जिसमें बारूदी तोपे रखी जाती थी। इसी के साथ परकोटे (दरवाजे) भी बनाए गए थे। पुरातत्व महत्व के इस किले की आज तक किसी भी विभाग द्वारा साज-सम्हाल न करने से नगर की यह प्राचीन धरोहर खंड़हर के रूप में तब्दील हो रही हैं।

नगर में स्थित ग्वालियर रियासत का प्राचीन किला अनदेखी के चलते जर्जर होकर अपना अस्तित्व खोने जा रहा है। नगर में इस प्राचीन विरासत की दीवार का एक बड़ा हिस्सा कुछ वर्ष पूर्व गिर गया था। इसके बावजूद अभी तक किले की सुध नहीं ली गई है। बड़ी व ऊंची दीवारों से घिरा यह किला समय के साथ जर्जर हो रहा है। इसकी दीवारें कई जगह से टूट कर गिर रही है। वहीं बीते साल बारिश के दिनों में किले की एक बड़ी दीवार भी भर - भरा कर गिर चुकी है। नगर की किला रूपी भव्य अनमोल धरोहर जीर्ण-शीर्ण होकर वर्तमान समय में अनदेखी की शिकार हो रही है।





नगर की इस प्राचीन धरोहर पर आज तक पुरातत्व विभाग की नजरें इनायत न होने से यह किला अपनी बदहाली पर आँसू बहा रहा है। वर्तमान में इस किलें की दीवारें व बुरंज कई स्थानों से जर्जर होकर इसके गिरने का अंदेशा बना हुआ है। वर्षा काल में इस बुरंज के ढ़हने का खतरा बना हुआ है।वहीं किले की दीवारों में कई स्थानों पर बड़े वृक्ष भी खड़े हो गये हैं, जो दीवारों को खोखला बना रहें हैं।

### विशालकाय बुरंज के ढहने का खतरा

किले का मुख्य द्वार भी क्षतिग्रस्त होकर कई स्थानों से उसका हिस्सा ढह गया है। इस किले में चारों ओर 6 बुरंज का निमार्ण भी किया गया था जिसमें गोविंदपुरा वाले मार्ग पर एक बुरंज पूर्व में पूरी तरह ढ़ह जाने से उसे जमींदोज कर दिया था। जबकि नीलकंठेश्वर मंदिर वाले मार्ग पर श्रीराम मंदिर के सामने स्थित बुंरज में काफी चौड़ी व लंबी दरारे पड़ गई तथा कुछ स्थानों से उक्त बुंरज का हिस्सा भी टूट कर गिर गया है। इस बुंरज वाले मार्ग पर नागरिकों का बड़ी तादात में आवागमन बना रहता है। बुंरज क्षतिग्रस्त होने से दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

### नगर परिषद की ओर से लिखा जा चुका है पत्र

इस संबंध में संबंधित वार्ड पार्षद गोवर्धन वेदिया ने बताया कि नगर की प्राचीन धरोहर के खंडहर में तब्दील होने तथा इसकी मरम्मत कार्य करवाए जाने के लिए उनके द्वारा एसडीएम नलखेड़ा सुसनेर को पूर्व में अवगत करवाया जा चुका है। वहीं नगर परिषद की ओर से भी संबंधितों को पत्र भेजे गए हैं। लेकिन आज तक इस किले की मरम्मत का कार्य किसी भी विभाग द्वारा नहीं करवाया जा रहा है।

### कार्य योजना बनाई जाएगी

नगर में स्थित प्राचीन किले की मरम्मत व देखरेख का प्रस्ताव बनाकर उच्च अधिकारियों के माध्यम से शासन को भेजा जाएगा, ताकि किला खंडहर में तब्दील न हो पाए और प्राचीन धरोहर सुरक्षित रह पाए। इसी के साथ नगर परिषद से चर्चा कर इसके विकास के लिए कार्य योजना बनाई जाएगी।

**मिलिंद ढोके,** एसडीएम सुसनेर-नलखेड़ा

खबर संक्षेप

## फर्जी नाम से परीक्षा देने वाले दोषी को कारावास



**देवास।** कृष्णाजीराव पवार महाविद्यालय में मार्च 19 को बी.ए. द्वितीय वर्ष की राजनीति विज्ञान के प्रथम प्रश्न पत्र परीक्षा में दिलवर सिंह के नाम से परीक्षा देने वाले आरोपी नरेंद्र सिंह राजपूत व दिलवर सिह के विरुद्ध तृतीय सत्र न्यायालय में सत्र प्रकरण क्रं. 62/2023 अपराध धारा 419, 420, 465, 468, 471 भारतीय दण्ड संहिता व मप्र मान्यता प्राप्त परीक्षा अधि. 1937 की धारा 4 सह पठित धारा 3- घ के अन्तर्गत प्रकरण का विचारण पूर्ण होकर 16जुलाई 2024 को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र कुमार पाटीदार के न्यायालय ने पुलिस थाना नाहर दरवाजा के अपराध क्र 72/2023 म प्र शासन नरेन्द्र सिंह व दिलवर सिंह के प्रकरण में शासन की ओर से प्रस्तुत समस्त साक्षियों के कथनो व दस्तावेज से प्राप्त साक्ष्य का मूल्यांकन कर अपना निर्णय खुले न्यायालय में सुनाते हुऐ आरोपी नरेन्द्र सिंह को दोषी पाया गया। आरोपी को धारा 419 में 3 वर्ष का सश्रम कारावास 2000/- अर्थ दण्ड, धारा 420 में 4 वर्ष का सश्रम कारावास 2000/- अर्थ दण्ड, धारा 465 में 2 वर्ष का सश्रम कारावास 2000/- अर्थदण्ड, धारा 468 में 4 वर्ष का सश्रम कारावास 2000/- अर्थदण्ड, धारा 471 के अपराध में 2 वर्ष का सश्रम कारावास 2000/- अर्थ दण्ड मप्र मान्यता प्राप्त परिक्षा अधि. 1937 की धारा 4 सह पठित धारा 3- घ में 2 वर्ष का सश्रम कारावास 1000/- अर्थदण्ड आरोपी को दी गई। सभी सजाए साथ-साथ भुगताई जाएगी । आरोपी दिलवर सिंह साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त घोषित किया गया। शासन की ओर से प्रकरण में सफल अभियोजन अतिरिक्त लोक अभियोजक मनोज श्रीवास शासकीय अभिभाषक ने किया।

### स्कूली छात्राओं से अभद्रता व अवैध अतिक्रमण से जिम्मेदारों को कराया अवगत

# बजरंग दल ने घटना की शिकायत की व्यवस्थाओं में सुधार का किया आग्रह

स्कूली छात्राओं से हो रही अभद्रता व अवैध अतिक्रमण के विरोध में स्कूल प्रबंधन व प्रशासन को कराया अवगत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



उज्जैन रोड ब्रिज के नीचे कान्वेंट स्कूल के मुख्य मार्ग पर बड़ी संख्या में अवैध गैरेज संचालकों द्वारा विवाद की स्थिति निर्मित करने की नीयत से अपने कंडम वाहनों को रोड पर रख कर मार्ग को और सकरा कर दिया गया हैं। जिससे अधिकतर समय जाम लगा रहता है। जिसके कारण बच्चों व स्कूल वाहनों को निकालना दुर्लभ हो गया है। साथ ही उन गैरेजों पर कार्य करने वाले कर्मचारियों द्वारा मौके का फायदा उठाकर स्कूल की बच्चियों को अभद्र इशारे, सीटी बजाना जैसी घटनाएं निरंतर घटित की जा रही है। ये घटनाएं दिन ब दिन बढ़ती ही जा रहा है।

जिसके कारण बच्चियां अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है। ऐसे में स्कूली छात्राओं का उक्त मार्ग से निकलना दुभर हो गया हैं । सोमवार को एक गैरेज पर कार्य करने वाले वर्ग विशेष के युवक द्वारा एक छात्रा के साथ छेड़खानी की नीयत से सीटी बजाई गई। जिसका विरोध छात्राओं द्वारा किया गया। जिसके बाद झुमझटकी व विवाद की स्थिति बनी। घटना की जानकारी बजरंग दल को मिली जिसके विरोध में सभी कार्यकर्ता कान्वेंट स्कूल प्रबंधन से उक्त घटनाओं की शिकायत की व व्यवस्थाओ में सुधार का आग्रह किया। वही एडिशनल एसपी को भी घटनास्थल पर बुलाकर उक्त घटना की जानकारी दी गई व आग्रह किया कि ब्रिज के नीचे का समस्त अवैध अतिक्रमण तुरंत हटाया जाए व छेड़छाड़ करने वाले पर तुरंत कार्रवाई की जाए। बच्चों के अभिभावकों ने भी संगठन के साथ उक्त घटना के विरोध में कंधे से कंधा मिलाकर विरोध किया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा बच्चियों की सुरक्षा की दृष्टि से अवैध अतिक्रमण हटाना व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। यदि उक्त कार्रवाई नहीं कि गई तो जंगी प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी कान्वेंट स्कूल प्रबंधन व प्रशासन की होगी। विरोध प्रदर्शन में बजरंग दल विभाग सहसंयोजक नारायण शर्मा, जिला मंत्री संदीप चौबे जिला उपाध्यक्ष विजय पांचाल जिला सहसंयोजक अभिषेक माली, नगर अध्यक्ष देवेंद्र कुलश्रेष्ठ, गोरक्षा प्रमुख रमेश कौशल, मनीष चौहान, दीपक लोधी, राममूर्ति पटेल, सनी मीणा, मुरारी लाल लोधी, अनिकेत यादव, अभिषेक सिंघन, नाना निगम, श्रीकांत खरे, सनी शर्मा, लोकेश सांखला, बंटी मकवाना, नरेंद्र कुशवाह के साथ बड़ी संख्या में बजरंग दल के कारकर्ताओ के साथ ही बच्चों के अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे उक्त जानकारी विश्व हिंदू परिषद मंत्री गोपाल यादव ने दी।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से शिक्षक की मौत

### कार से निकलते ही हादसे का हुए शिकार



**देवास।** कार पर गिरी आकाशिय बिजली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

खातेगांव में बुधवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से 28 वर्षीय शिक्षक की मौत हो गई। एक निजी विद्यालय में मैथ्स के टीचर अमित पिता विष्णु यादव अपने छोटे भाई विवेक के साथ खातेगांव के बाहर बन रहे बाइपास से गुजर रहे थे।अमित पीछे बैठे हुए थे।

कार से उतरते ही अमित बिजली की चपेट में आ गए। जिसके बाद उन्हें पास ही के एक निजी अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने अमित को मृत घोषित कर दिया।जानकारी मिली है कि अमित ने कुछ ही दिन पहले नई कार ली थी। कार ड्राइविंग सीखने के लिए वे अपने छोटे भाई के साथ बाइपास पर जा रहे थे। गाड़ी की अगली सीट पर सामान रखा हुआ था।

अमित पीछे बैठे थे।ड्राइविंग सीट पर जाने के लिए अमित ने जैसे ही पिछला दरवाजा खोलकर सड़क पर उतरे उसी दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। जब उन्हें अस्पताल ले जाया गया तो उनका पूरा शरीर फूल चुका था। बिजली के निशान भी कार पर साफ दिखाई दे रहे हैं। अमित के दोस्तों ने बताया कि करीब 3 साल पहले ही उसकी शादी हुई थी। उसका करीब एक साल का छोटा बच्चा है।

## विजयवर्गीय वैश्य समाज आज करेगा पौधरोपण

**देवास।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा शाखा देवास द्वारा पौधरोपण का आयोजन किया जा रहा है। विजयवर्गीय समाज द्वारा माताजी की पहाड़ी के पीछे स्थित कैलाश वाटिका दाल-बाफले पॉइंट पर आज बुधवार को शाम 4 बजे पौधरोपण किया जाएगा। समाज अध्यक्ष मांगीलाल विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण विजयवर्गीय, सचिव धैर्यशील विजयवर्गीय ने समाज जनों से अपील की है कि पौधरोपण आयोजन में हिस्सा जरूर ले।

# सैन थॉम एकेडमी में हुई कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सैन थॉम एकेडमी, भोपाल रोड, देवास के कर्मचारियों के लिए यह एक जीवन बदलने वाला अनुभव था जब उन्होंने स्कूल परिसर में एमपी राज्य आनंद संस्थान द्वारा आयोजित कार्यशाला- 'खुशीः स्वयं से स्वयं की मुलाकात' में भाग लिया।निदेशक हैंसी थॉमस और प्रिंसिपल पुनीत उपाध्याय ने रिसोर्स पर्सन डॉ. समीरा नईम और अन्य स्वयंसेवकों को गुलदस्ता भेंट करके उनका स्वागत किया। परिचयात्मक सत्र में समन्वयक और जिला प्रोग्राम लीडर डॉ .समीरा नईम ने कर्मचारियों को उस तरीके से अवगत कराया जिसके माध्यम से आनंद को जीवन का हिस्सा बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमें थोड़ा रुककर अपने अच्छे और बुरे कर्मों का सावधानीपूर्वक विश्लेषण करके अपने जीवन का बही-खाता तैयार करने की जरूरत है। जीवन प्रेम और कृतज्ञता के साथ जीना चाहिए न कि अहंकार और द्वेष के साथ।राज्य आनंद संस्थान के अन्य आनंदम सहयोगियों, सफ़िया क़ुरैशी और ल दीपक परिहारने अपने जीवन के व्यक्तिगत, मार्मिक अनुभव साझा करमहत्वपूर्ण योगदान दिया गया। आनंदक कृपाली राणा ने स्टाफ के सभी सदस्यों को खेल के माध्यम से नई ऊर्जा प्रदान की और आनंदम सहयोगी दीपक पोरवाल ने भी कार्यशाला के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।कार्यशाला से प्रतिभागियोंको खुशनुमा जीवन जीने के लिए महत्त्वपूर्ण दिशा मिली। प्रबंधन ने राज्य आनंद संस्थान के सभी स्वयंसेवकों को प्यार के प्रतीक के रूप में पौधे भेंट किये। कार्यक्रम का संचालन निपुणिका शर्मा द्वारा किया गया।

# आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर से बेटियों में आत्मविश्वास बढ़ता है: वसीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



संस्था आस द्वारा सीआरवाय (चाइल्ड राइट्स एंड यू) प्रोजेक्ट के तहत शासकीय माध्यमिक स्कूल धनोरा में एक्सपर्ट मास्टर सईद आलम ने सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी। इस शिविर में अन्य स्कूल की छात्राओं ने भी भाग लिया। संस्था आस के डायरेक्टर वसीम इकबाल ने कहा कि देश के प्रसिद्ध सेल्फ डिफेंस एक्सपर्ट मास्टर सईद आलम ने बेटियों को दुश्मन पर काबू पाने की आसान तकनीक बताई। साथ ही उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में पेन, चाभी, हेयर पिन और दुपट्टा को आत्मरक्षा के हथियार के तौर पर इस्तेमाल करना सिखाया। प्राचार्य तेजसिंह राजपुत ने प्रशिक्षण शिविर में दी गई तकनीकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज के समय में बच्चे, लड़कियां और महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सीखना चाहिए। सीआरवाय चाइल्ड राइट्स एंड यू के प्रॉजेक्ट कोऑर्डिनेटर यास्मीन खान ने कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर से बेटियों में आत्मविश्वास बढ़ता है। समापन समारोह में भूमिका चौधरी, सोनाली पटेल, जीविका पटेल, वंशिका चौधरी, लक्ष्मी चौधरी, ईशानी यादव, अर्पिता रावत, आस्था रावत, संजू जोशी, तनीषा चौधरी, वैशाली चौधरी, वर्षा चौधरी, प्रतिज्ञा पटेल, ऋषिका ठाकुर, माही पटेल और सुलोचना रावत ने बचाव के तकनीकों का शानदार प्रदर्शन किया। प्राचार्य तेजसिंह राजपुत ने सेल्फ डिफेंस एक्सपर्ट मास्टर सईद आलम और सहायक कोच अब्दुल राशिद को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक संतोष वर्मा, नम्रता नेमा और चेतना जामले खास उपस्थित थे। संचालन अंतिम झाला ने किया।

# मोहर्रम पर्व पर बालिकाओं को कराया गया भोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

दृष्टिहीन कन्या विद्यालय में मोहर्रम पर्व दृष्टिहीन बालिकाओं को भोजन और मिठाई बांटी गई। नईम एहमद ने बताया कर्बला की लड़ाई में इमाम हुसैन ने इंसानियत को बचाया था।

इसलिए मोहर्रम को इंसानियत का महीना माना जाता है। इमाम हुसैन की शहादत और कुर्बानी की याद में मोहर्रम मनाया जाता है। इमाम हुसैन की शहादत की याद में मध्य प्रदेश दृष्टिहीन विद्यालय पर कार्यक्रम रखा गया । हमने भी एक कदम नेकी की तरफ बढ़ाकर अपना फर्ज निभाया और जो लोग दुनिया नहीं देख पाते है उनके साथ मोहर्रम पर्व मनाया गया।

इस अवसर पर समाजसेवी अफजल खान (प्रकाश) ,वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पंडित रितेश त्रिपाठी संस्था ब्राइट स्टार स्कूल अध्यक्ष सैयद मेशहर (जुगनू),विजय सिंह चौहान (मोनू) , सरफराज अहमद सिद्दीकी ,दिलनवाज, मोहन, अशरफ नागोरी, श्याम गोस्वामी, अब्दुल मलिक, मनोज कुशवाह, वसीम खिलजी। आभार उबेद शैख ने माना।

# चापडा में हुई प्रधानाचार्यों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा



विद्या भारती मालवा नर्मदा ग्राम भारतीय शिक्षा समिति हाटपिपल्या की जिला प्रधानाचार्य बैठक सरस्वती शिशु मंदिर चापड़ा में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि अर्जुन गुप्ता, पूर्णिमा राजपुरोहित, राहुल राजपुरोहित, रामनारायण यादव तथा नर्मदा ग्राम भारतीय शिक्षा समिति हाटपिपलिया के जिला प्रमुख चुपकेश्वर दुबे उपस्थित रहे। मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा अतिथियों का परिचय सरस्वती शिशु मंदिर चापड़ा के प्रधानाचार्य विजय सांवलिया द्वारा करवाया गया। अतिथियों का स्वागत चंदर गिरी गोस्वामी, मुकेश बैरागी द्वारा किया गया। वंदना सत्र में अर्जुन गुप्ता द्वारा स्कूल तैयारी ऐप के माध्यम से बच्चों को आधुनिक युग की शिक्षा कैसे दें इसके बारे में बताया गया और विद्यालय परिवार को भारत माता का चित्र भेंट किया गया। साथ ही विद्यालय के संयोजक राजेश पटेल के द्वारा विद्यालय में छात्र संख्या वृद्धि कैसे हो इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिला प्रमुख चुपकेश्वर दुबे के द्वारा विषय बिंदुओं का प्रतिपादन किया गया। सभी प्रधानाचार्य बंधुओं को सरस्वती शिशु मंदिर चापड़ा की ओर से पूजा की थाली भेंट की गई। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार सेंधव द्वारा किया गया। अतिथियों का आभार विद्यालय की लेखपाल पूजा प्रजापत ने माना।

# देवशयनी एकादशी पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, भगवान का किया आकर्षक श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



देवशयनी एकादशी पर मन्दिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़,भगवान का किया आकर्षक श्रृंगारदेवास। बुधवार को देवशयनी एकादशी के अवसर पर एमजी रोड स्थित जवैरी श्री राम मंदिर में सुबह भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। उसके बाद आरती हुई।

इसके साथ ही अमृत नगर स्थित भगवान खाटू श्याम मंदिर पर एकादशी के अवसर पर दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी।वैसे तो खाटू श्याम मंदिर पर प्रतिदिन भक्त पहुंचते है लेकिन एकादशी पर भक्तों की संख्या अधिक होती है। दूर-दूर से भक्त मंदिर पहुंचते है। यहां पर भी विशेष आरती की गई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवशयनी एकादशी से आगामी चार माह के लिए शुभ कार्य नहीं होंगे। भगवान विष्णु योगनिद्रा में जाएंगे। अब आगामी देवउठनी एकादशी से फिर नए कार्य व शुभ कार्य सहित विवाह आदि मंगल कार्य शुरू होंगे। देव शयन के बाद इस अवधी में शुभ कार्य वर्जित माने जाते हैं।

### अनहद लोक कला सांस्कृतिक शैक्षणिक साहित्यिक के तत्वावधान में हुआ आयोजन

# मालवा की संस्कृति का संरक्षण करें युवा: बामनिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास





अनहद लोक कला सांस्कृतिक शैक्षणिक साहित्यिक संस्थान उज्जैन के तत्वावधान में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से चार दिवसीय मालवांचल अनहद लोक यात्रा का आयोजन देवास सहित आगर मालवा, शाजापुर, उज्जैन में किया गया। कार्यक्रम का समापन मल्हार स्मृति भवन मे हुआ। आयोजन में मालवांचल व मप्र के प्रतिष्ठित व ग्रामीण अंचल के लोक गायक कलाकारो ने प्रदर्शन किया।

जिसमें लोक गायक प्रभुलाल मालवीय आगर मालवा, मांगीलाल कुलश्रेष्ठ शाजापुर, रामचरण परमार इंदौर, कुमारी स्नेहा गेहलोत उज्जैन, रणजीत मालवीय इत्यादी कलाकारो ने प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। गायक कलाकारो ने आयोजन में गुरू वंदना, संत बधावा, संत कबीर, संत गोरखनाथ की निर्गुण वाणी का गायन किया। मुख्य अतिथि नेहरू युवा केन्द्र पूर्व राज्य निदेशक अरविंद श्रीधर, विशिष्ट अतिथि सुरेश पटेल, लोक गायक तारासिंह डोडवे थे। भगवान परमार, सोनू परमार पार्षद देवास, वरिष्ठ गायक पीरा मंडोर, कमलकांत राजोरिया ने आयोजन में पद्म कालूराम बामनिया का सारस्वत सम्मान लोक गायक कलाकारो द्वारा किया गया।

आयोजन में अंतरराष्ट्रीय कवि दिनेश दिग्गज, लोक गायिका गीता पराग, मानसिंह भोंदिया, महेश कुलश्रेष्ठ, नारायण सोलंकी, सहबाबुद्दीन मंसूरी, धारा सिंह गेहलोत, कमल सोलंकी, संतोष परमार, अजय गांगोलिया, विजय गांगोलिया व अन्य साथी उपस्थित थे। आयोजन का आभार संस्था अध्यक्ष व लोक गायक रामचंद्र गांगोलिया ने माना संचालन सुदर्शन आयाचित ने किया।

# इस्कॉन मंदिर की भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा आज, लगेगा छप्पन भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी इस्कॉन मंदिर देवास द्वारा भगवान जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा का आयोजन 18 जुलाई को दोपहर 2 बजे किया जा रहा है। इस्कॉन देवास के आनंदमय दास ने बताया कि रथ यात्रा दोपहर 2 बजे रामेश्वर धाम मंदिर राम मंदिर से प्रारंभ होकर एबी रोड, सयाजी द्वार, तहसील चौराहा, नावेल्टी चौराहा, सुभाष चौक, जनता बैंक चौराहा, शालिनी रोड होते हुए मंडी धर्मशाला पहुंचेगी, जहां रथ यात्रा का विश्राम होगा। रथ यात्रा में प्राणेश्वर दास प्रभुजी रीजनल सेक्रेटरी इस्कॉन मप्र एवं गुरुदेव महामन प्रभुजी झोनल सेक्रेटरी इस्कॉन मप्र का सानिध्य प्राप्त होगा। रथ यात्रा के समापन अवसर पर मंडी धर्मशाला में विशेष प्रवचन होंगे। साथ ही छप्पन भोग अर्पण के साथ शाम 7.30 बजे मंडी धर्मशाला में महाप्रसादी का वितरण होगा। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रसंग, शास्त्रीय नृत्य, सुंदर भक्तिमय वाटिका, बच्चों की गतिविधियां, स्वादिष्ट मिठाई प्रसादम स्टाल एवं पुस्तक स्टाल आदि आयोजन होंगे।

**खबर संक्षेप**

## भगवान की प्रतिमा पर शांति धारा, लाडू चढ़ाया



**आष्टा।** जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर भगवान श्री नेमिनाथ के मोक्ष कल्याणक महामहोत्सव सोमवार को नगर सहित क्षेत्र के जैन मंदिरों में भगवान के अभिषेक, शांति धारा कर निर्वाण कांड पाठ बोलकर मोक्ष फल अर्पित किया गया। मोक्ष कल्याणक दिवस पर नगर के सभी मंदिरों में सुबह से ही श्रावक गण धोती-दुपट्टा पहनकर भगवान के अभिषेक, शांति धारा करने पहुंचे और निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। भगवान की भक्ति भाव के साथ पूजा अर्चना की गई। श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर नेमि नगर साईं कॉलोनी में शांति धारा के लाभार्थी रूपचंद जैन, जितेंद्र जैन और मोक्ष फल अर्पित करने के लाभार्थी डॉ. राजेन्द्र जैन, नयन जैन और अंकित जैन रहे।

## पीछे से कार ने दूसरी कार को मारी टक्कर

**आष्टा।** पार्वती थाना अंतर्गत दो कार आपस में भिड़ने से एक कार सड़क की साइड में खंती में गिर गई। हालांकि इसमें किसी को चोट नहीं आई है, लेकिन कार जरूर क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दोनों कार एक ही रूट से आ रही थी। फरियादी गोरू पिता सुनील निवासी इंदौर कार से आ रहे थे। तभी किलेरामा के पास पीछे से दूसरी कार के चालक ने तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से टक्कर मार दी। जिससे फरियादी की कार खंती में गिर गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया।

### आचार्यश्री विप्रणत सागर महाराज का हुआ नगर प्रवेश

# व्यक्ति स्वर्ग की चाहत रखता है, लेकिन कर्म करता है नर्क जाने के : आचार्यश्री

भोपाल नाके पर आचार्य श्री विप्रणत सागर महाराज की अगवानी कर जुलूस के रूप में अलीपुर श्री चंद्र प्रभु मंदिर ले गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



इन दिनों चातुर्मास की बैला और अष्टांहिका महापर्व चल रहा है। इस समय संत जन, मुनि गण चार महीने तक धर्म आराधना एक ही जगह रुककर करते हैं।कषाय रुपी चक्र को तोड़ने के लिए संतों का आपको सानिध्य प्राप्त होता है,संत - मुनियों का आशीर्वाद मिल रहा है।सुनें जो वाणी गुरु की घूल जाए। निर्ग्रन्थ साधुओं का सानिध्य व दर्शन बहुत सरलता से प्राप्त हो रहा हैं। व्यक्ति स्वर्ग जाने की चाहत रखता है, लेकिन कर्म नर्क जाने के करता है।आष्टा की विशेषता यहां सौ- सौ किलोमीटर दूर से मंगल विहार कर यहां आकर आपकी भक्ति देखने आते हैं।वह व्यक्ति बड़ा दुर्भाग्यशाली है जो संतों, गुरुओं के दर्शन नहीं कर पाते हैं। सांसारिक सुख तो देव गति में है।चार गति में मनुष्य सबसे अच्छी गति है, जहां से मनुष्य आत्म कल्याण कर मोक्ष फल प्राप्त कर सकता है। उक्त बातें नगर के अरिहंत पुरम अलीपुर के श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में नगर प्रवेश के पश्चात उपस्थित श्रावक- श्राविकाओं को आशीष वचन देते हुए आचार्य विवेक सागर महामुनिराज के शिष्य आचार्य विप्रणत सागर महाराज ने कहीं।

### नियम हमेशा परीक्षा मांगता है

आचार्यश्री विप्रणत सागर महाराज ने कहा कि भोजन के बाद चार प्रकार का त्याग करने से छः दिन में एक उपवास का घर्म लाभ मिलता है।नियम हमेशा परीक्षा मांगता है, नियमों को लेकर उसका पालन करें। नियम लेकर छूट ले लेते हैं,यह उचित नहीं। छोटे -छोटे नियम, संयम हमारे जीवन को उत्कृष्ट बनाते हैं।

### जिनशासन के बताए मार्ग पर अग्रसर हो

आचार्यश्री विप्रणत सागर महाराज ने कहा सभी सुख चाहते हैं, दुःख कोई नहीं चाहता है। स्वर्ग की छाया चाहता है और कार्य नर्क में जाने के कर रहे हैं, फिर स्वर्ग की प्राप्ति कैसे होगी। धर्म की साधना करते रहे, धर्म के संस्कार अच्छा घर,परिवार के कारण मिला है। जिन शासन के लिए अकलन स्वामी का बहुत बड़ा योगदान रहा।जिनशासन के बताए हुए मार्ग पर अग्रसर हो।

### हीरे की पहचान जौहरी करता है

आचार्य भगवंत ने कहा कि हीरे की पोटली जौहरी के सामने खोले,चोर के सामने हीरे की पोटली खोलने पर आपकी जान भी जा सकती है, हीरे की पहचान सिर्फ जौहरी ही जानता है। शिक्षा योग्य शिष्य को देना चाहिए।

### जिनशासन बड़े पुण्य योग से मिला

आचार्य श्री विप्रणत सागर महाराज ने कहा कि जिनशासन बड़े पुण्य योग से मिला है।उसका लाभ लेकर अपनी मंजिल को प्राप्त करें। जिनशासन की साधना से आप अपना कल्याण कर सकते हैं। सांसारिक सुख भी जिनशासन की उपासना करने से बहुत ही आसानी से मिल जाता है। धर्म आराधना से आत्म कल्याण होगा। धर्म की आराधना से आत्म कल्याण होगा और सांसारिक सुख तो वैसे ही प्राप्त हो जाता है। पुण्यवान व्यक्ति के लिए सारे वैभव स्वतः ही प्राप्त हो जाता है।

### ढोल ढमाके के साथ नगर प्रवेश

भोपाल नाके पर आचार्य शविप्रणत सागर महाराज की अगवानी ढोल ढमाके के साथ कर जुलूस के रूप में आचार्यश्री को अलीपुर चंद्र प्रभु मंदिर ले गए। आचार्य विप्रणत सागर महाराज सीहोर तरफ से मंगल विहार करते हुए भोपाल नाके पर पहुंचे। वहां श्री दिगंबर जैन समाज संरक्षक धनरुपमल जैन, अध्यक्ष आनंद जैन पोरवाल, महामंत्री कैलाशचंद जैन चित्रलोक, महेंद्र जैन जादूगर, नरेन्द्र गंगवाल, विश्वास विनायका, अनिल जैन आदि उपस्थित थे।

# तहसील गेट से लेकर परिसर में बेतरतीब हो रही पार्किंग

**आने-जाने वालों को होती है परेशानी**



**आष्टा।** तहसील परिसर में इस तरह खड़े रहते हैं वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

इन दिनों तहसील कार्यालय में बेतरतीब ढंग से वाहनों की पार्किंग की जा रही है। कार्यालय के गेट से लेकर अंदर लोकसेवा गारंटी के कार्यालय तक वाहनों की लाइन लग जाती है। ऐसे में पूरा रास्ता ब्लॉक हो जाता है। जिससे आम नागरिक के साथ-साथ क्षेत्र के आने वाले किसान व स्कूली छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी होती है। जबकि यहीं पर प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहते हैं। इसके बाद भी हालात बिगड़े हुए हैं। तहसील कार्यालय में स्थित लोक सेवा केंद्र पर हर दिन अपने आय, जाति, मूल निवासी प्रमाण पत्र बनाने के लिए लोगों को तहसील कार्यालय आना पड़ता है। यहां गेट से लेकर अंदर तक इस कदर अव्यवस्थित दो पहिया वाहन खड़े कर दिए जाते हैं कि जिससे पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। लोग सुबह 11 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक परेशान होते रहते हैं। सिविल अस्पताल के बाहर भी यहीं हालात तहसील कार्यालय की तरह ही सिविल अस्पताल के भी कुछ इसी तरह के हालात हैं। यहां इलाज कराने आए या मरीजों को देखने आए परिजनों द्वारा पार्किंग शुल्क बचाने अपना वाहन बाहर ही खड़ा कर देते हैं। जिससे कभी-कभी एबुलेंस को निकलने में तक दिक्कत होती है। वहीं रोड पर बार-बार जाम की स्थिति बनती है।

## बारिश के चलते मंडी में कम रही आवक


**आष्टा।** 2 दिन के अवकाश के बाद नगर की कृषि उपज मंडी में सोमवार को जींस की आवक 5 हजार 266 क्विंटल पर ही सिमट कर रह गई। सोमवार को सुबह से ही बारिश का सिलसिला बना हुआ था जो दोपहर 1 बजे तक जारी रहा। इसके चलते किसान अपनी उपज लेकर मंडी में नहीं आएं। सोमवार को मंडी में गेहूं लोकवन 2600 से 2989, गेहूं सुजाता 3004 से 3745, गेहूं पूर्णा 2570 से 2881, गेहूं मालवराज 2401 से 2553, गेहूं मिल 2332 से 2599, चना कांटा 5340 से 6490, चना मौसमी 5903 से 6536, सोयाबीन पीला 2901 से 4451, मसूर 4800 से 6400 में बिका।

# मॉडर्न स्कूल में एनिमल माक्स मेकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

संस्था मॉडर्न पब्लिक हासे स्कूल प्रायमरी विंग में एनिमल माक्स मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें कक्षा -तीसरी से लेकर पांचवी तक के छात्र, छात्राओं ने भाग लिया। सभी कक्षाओ से प्रथम, द्वितीय व तृतिय आने वाले प्रतिभागी छात्र, छात्राओं को आज पुरस्कृत किया गया। जिनमें कक्षा-तीसरी की कुमकुम बैरागी प्रथम, राधिका द्वितीय व भावेष तृतीय रहे। कक्षा- चौथी से विवान चौरसिया प्रथम, रूही व वैदिका द्वितीय, योगिता व वैभव तृतीय रहे। कक्षा- पांचवी से शिवम प्रथम, क्रियांश द्वितीय, कृष्णा तृतीय रहे। प्रायमरी विंग एकेडमिक इंचार्ज शिक्षक अंजली चौरसिया, अंजु नावड़े एवं कल्चर इंचार्ज इकिता चौहान व पूजा ठाकुर की उपस्थिति में प्रतियोगिता सम्पन्न करवाई गई। सभी विजेता प्रतियोगी छात्र, छात्राओं को बधाई देने वालो में संस्था के मार्गदर्षक शंकर लाल परमार, कुंवर लाल परमार, भीम सिंह ठाकुर एवं समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बी.एल. मालवीय, रवि पाठक, संदीप जोशी, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवा, पंकज ठाकुर, जितेन्द्र पोरवाल, अनीता परमार, निर्मला सारसिया, करिष्मा चौपड़ा, अंजली चौरसिया, अंजु नावड़े, रचना ठाकुर, नीता सक्सेना, ईषा जैन, इतिका चौहान प्रियंका सारसिया, अनुभा रामानी, अवनि जैन, पूजा ठाकुर आदि ने छात्र, छात्राओं को बधाई दी।



# भाजपा कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

आष्टा में क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा आष्टा में अपने कार्यालय भवन का उद्घाटन किया गया जिसमें जावर से भा.ज.प. मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह केशव एवं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैध तथा मंडल महामंत्री विजेंद्र सिंह ठाकुर एवं पार्षद मदन विश्वकर्मा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराई गई तथा विधायक से जावर नगर के विकास हेतु आगामी निर्माण कार्यों हेतु चर्चा की गई कार्यालय के खुलने से आम लोगों को विधायक तक अपनी बात एवं अपनी मांग पहुंचने में आसानी होगी वहां स्वयं आकर विधायक से मिल सकते हैं उक्त अवसर पर युवामोर्चा जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर एवं देवेंद्र सिंह ठाकुर की उपस्थित थे।

# गीता मानस भवन में किसानों की उपस्थिति में कृषि ऋण वितरण शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





मंगलवार को सेंट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा सीहोर द्वारा कृषि ऋण वितरण शिविर का आयोजन गीता मानस भवन मै किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के क्षेत्रीय प्रमुख राजीव रंजन सिन्हा सर और आँचलिक कार्यालय भोपाल के डीजीएम, एसएलबीसी प्रमोद मिश्रा और सीहोर जिला परियोजना प्रबंधक दिनेश बरफा उपस्थित हुए उक्त कार्यक्रम के अंतरगत मुख्य अतिथि द्वारा बैंक मे संचालित कृषि ऋण और कृषि संबंधित योजनाओ के बारे मे विस्तृत रूप से उपस्थित सभी किसानो को अवगत कराया गया। इसी के साथ ही लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किये गए। उक्त कार्यक्रम के संयोजक सीहोर शाखा प्रबंधक कुमार सुकेश साथ ही सीहोर जिले के समस्त सेंट्रल बैंक शाखा प्रबंधक आष्टा- वैभव सुरीले, मेहतवाड़ा- कैलाश मीना, धनखेडी- विजेंद्र यादव, ढाबला- श्वेता शर्मा, नसरुल्लागंज- निखिल चौधरी और बैंक स्टाफ ललित तंवर, आशीष कुशवाहा, रवि धनगर आदि उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय में विश्व युवा कौशल टूलकिट प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

# पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को कॅरियर के लिए दिया मार्गदर्शन





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन और आईटीसी मिशन सुनहरा कल कार्यक्रम के कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से शहीद भगतसिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय आष्टा के स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा विश्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष्य में इलेक्ट्रिकल, हेल्थ केयर, प्लबिंग, मेसन आदि टूलकिट और सामान्य हेल्थ चेकअप कैंप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रथम संस्था से क्लस्टर लीडर राजेश परमार द्वारा पीपीटी के माध्यम से स्टूडेंट्स का करियर के लिए मार्गदर्शित किया सभी स्टूडेंट्स ने टुलकिट को देखा और टुल्स के उपयोग के बारे में प्रथम संस्था के स्टाफ प्रियंका परमार, हेमंत विश्वकर्मा और स्टूडेंट्स के द्वारा जानकारी दी गई जिसे जानकर विद्यार्थी काफी उत्साहित हुऐ साथ ही हिमांशु विश्वकर्मा द्वारा प्रथम संस्था के युथ नेट पोर्टल एवं लेवल 1 के कोर्स के बारे बताया गया और युवाओ का रजिस्ट्रेशन भी कराया।

स्वामी विवेकानंद रोजगार मार्गदर्शन प्रभारी डॉ.दीपेश पाठक द्वारा आईटीसी मिशन सुनहरा कल एवं प्रथम के कार्य की सराहना की कहा कि विश्व युवा कौशल दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य है युवाओं को यह समझाना कि आधुनिक दुनिया में रोजगार प्राप्त करने के लिए अनुकूल स्किल्स का महत्व बढ़ चुका है। यह दिन उन्हें यह बात समझाने का अवसर प्रदान करता है कि केवल पढ़ाई से ही नहीं, बल्कि उन्हें व्यावसायिक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और कौशलों के माध्यम से अग्रसर होना होगा। संचालन वैभव सुराणा व अंत में आभार कार्यक्रम प्रभारी जितेंद्र विश्वकर्मा ने व्यक्त किया। महाविद्यालय शैक्षणिक स्टाफ से डॉ.रचना श्रीवास्तव व लगभग 50 से 60 छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### प्रतियोगिता के विजेताओं को दिए प्रमाण

शहीद भगत सिंह शासकीय महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत विश्व जनसंख्या दिवस पर पोस्ट व चार्ट निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया पोस्टर प्रतियोगिता में निकिता परमार वर्षा सांवरिया ,निशा,उत्कर्ष, आदि विद्यार्थियों द्वारा पोस्ट निर्माण किया गया। कैनवाश पर विद्यार्थियों ने चित्र बनाते हुए जनसंख्या नियंत्रण का संदेश दिया। संस्था प्राचार्य ने सफल विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कहा कि बढ़ रही जनसंख्या घातक सिद्ध हो सकती है। हमें बढ़ती हुई जनसंख्या नियंत्रण के सकारात्मक उपाय पर ध्यान देना होगा।इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद रोजगार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर दीपेश पाठक ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि के कारण मनुष्य अपने स्वार्थ के वशीभूत होकर पेड़ काटता है। इससे वह स्वयं और दूसरों के जीवन को खतरे में डाल रहा है। असंतुलित पर्यावरण को संतुलित बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाए जाने अति आवश्यक हैं। कार्यक्रम की व्यवस्था व प्रबंध कार्यक्रम प्रभारी जयपाल विश्वकर्मा द्वारा की गई।

# जगह-जगह जमे पानी में डाली ऑयल बॉल



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

कलेक्टर के निर्देशन में ग्राम पंचायत श्यामपुर में भी जन अभियान के रूप में ग्राम में ठहरे हुए पानी में आयल बाल डाली गई। बताया कि मच्छरों की बढ़ती संख्या के नियंत्रण लिए जिले में आयल बॉल को बनाकर हथियार मलेरिया डेंगू को भगायेगे इस बार अभियान को सफल बनाने में ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में 100-100 ऑयल बॉल से अधिक ऑयल बॉल तैयार की गई। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने आमजन से अपील की है की बरसात के मौसम में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया से बचाव के लिए गंदे पानी की उचित निकासी करें। घरों के आसपास गंदा पानी जमा न होने दें। जमा हुए पानी में जला हुआ आयल या ऑयल बॉल डालें, जिससे लार्वा नहीं पनपे। उन्होंने कहा कि सबसे किफायती ऑयल बॉल का उपयोग कर डेंगू मलेरिया के नियंत्रण में सहयोग प्रदान करें। इस अभियान में शामिल हुए तहसीलदार श्याम नंदन चंदेले सरपंच नवीन चौहान ,सचिव मुकेश पाटीदार,ग्राम के समस्त पंचगण सत्यनारायण सोनी, देवीलाल पाटीदार द्वारका बैरागी, कालूराम शाक्य, शमीम भाई, मुबीन भाई कल्लू खां, नीलू शाक्य, हफिज पटेल, बालमुकुंद पाटीदार, संतोष मालवीय, राजेश परिहार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता आदि सम्मिलित हुए।

## सड़कों पर दुर्घटना से गोवंश के साथ-साथ वाहन चालकों को भी जान का बना रहता है खतरा

# दर-दर भटकता गोवंश : पंजीकृत गोशाला और शासन द्वारा निर्मित गोशाला में नहीं मिल रही शरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

बारिश के दिनों में गोवंश सड़कों पर भटकने को मजबूर हैं। गोवंश की रक्षा सुरक्षा के तमाम दावे कागजी साबित हो रहे हैं। जिले में कितना गोवंश है कितनी गोशाला उनमें कितना गोवंश हैं, इन सब बातों की जानकारी पशुपालक विभाग में रहती है, किंतु वर्तमान में गोवंश की दयनीय हालत हो रही है। गोवंश आए दिन काल के गाल में समा रहा है। लेकिन इस और कोई भी संस्था या शासन सार्थक पहल नहीं कर रहा है। यही कारण है कि सड़कों पर शरण लेकर चोटिल होना, इतना ही नहीं तेज बारिश में खुले आसमान के नीचे भीगता गोवंश बोल नही सकता किंतु अंतर आत्मा से क्या कहता होगा इसका अंदाजा किसी को नहीं है। वर्तमान में शासकीय भूमि जो गोचर थी इस पर खेती हो रही है, लेकिन इस और भी किसी का ध्यान नही है।

पूर्व में शासन द्वारा 7 प्रतिशत भूमि गोवंश के लिए आरक्षित थी वह धीरे धीरे घटकर दो प्रतिशत रह गई है। वह भी वर्तमान में मौके पर नहीं है। यू कहें कि गोवंश के लिए सुरक्षित भूमि भी गायब हो चुकी है। ऐसे में किसान गोवंश को पाले भी तो कैसे पाले। कुछ सामाजिक लोगों ने चर्चा के दौरान बताया की प्रशासन को ग्रामीण क्षेत्र में शासकीय चरनोई भूमि को मुक्त किया जाए।



**इनका कहना है...**

नोडल अधिकारी को हमारा अमला सहयोग करने को तैयार है।
- **प्रमोद कुमार सिंह,** जनपद पंचायत सीईओ सारंगपुर.

जिस क्षेत्र में पैट्रोलिंग वाहन है वह पशु चिकित्सा विभाग पैट्रोलिंग करता है, और जहां वाहन नहीं है वह ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत की तथा नगरीय क्षेत्र में नगर पालिका की व्यवस्था है।
- **डॉ. अमित शाक्य,** पशु चिकित्सा अधिकारी सारंगपुर

### पंचायतों ने जिम्मेदारी से किया किनारा

एक आदेश के तहत पशु चिकित्सा विभाग एवं ग्राम पंचायत के सचिव रोजगार सहायक को निर्देश हुए थे की ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छंद रूप से घूम रहे गोवंश का स्थाई रूप से सुरक्षा के साथ ही गोशाला में भेजे या फिर उनके लिए वैकल्पिक इंतजाम करें, ताकि गोवंश सड़कों पर न आए। लेकिन शासन के इस आदेश का सारंगपुर सहित पूरे जिले में कहीं भी अमल नही हुआ। यही कारण हैं की सारंगपुर के पचोर में सड़क दुर्घटना में 4 गाय काल के गाल में समा गई। इसके पूर्व भी जिले में गोवंश काल के गाल में समा गया कभी रेल से कटकर तो कहीं वाहन से टकराकर गोवंश की दर्दनाक मौत पर किसी को तरस नही आ रहा हैं।

### कैसे सुरक्षित रहेगा गोवंश

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छंद रूप से घूम रहे गोवंश के लिए शासन का प्रयास नकाफी साबित हो रहा है। इसके लिए जन भागीदारी से ही स्वच्छंद रूप से घूम रहा गोवंश सुरक्षित हो सकता है सनातन धर्म में गाय को वेतरणी पार करने का शास्त्र प्रमाण हैं और अपने परिजन के अंतिम संस्कार के बाद गुरुड़ पुराण के अंतिम अध्याय में सनातन संस्कृति के लोग गौ दान करते हैं पूर्व में गौ दान के साथ गोचर भूमि भी दान करने का प्रचलन था वह धीरे धीरे बंद हो गया। लेकिन अब भी शासन प्रशासन गांव के जिम्मेदार इस और ध्यान नही दे रहे। क्या गोवंश सुरक्षित होगा या नहीं।

## प्रशासन से जांच कर नाम जुड़वाने मांग की

# अचानक बंद हुई लाड़ली बहना की राशि, कलेक्टर से शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने को लेकर बनी लाड़ली बहना योजना का लाभ बीते तीन महीने से ग्राम पंचायत बरखेड़ी गढ़ी की महिलाओं को नहीं मिल रहा है। अचानक नाम हटने से आक्रोशित सभी महिलाएं मंगलवार को कलेक्टर से शिकायत करने पहुंची। शिकायतकर्ता महिलाओं रामकन्या पत्नी हिम्मत सिंह, घीसीबाई पत्नी छोटेलाल, गीताबाई पत्नी प्रतापसिंह, रसूमबाई पत्नी जगदीष, हरबाई पत्नी बक्सू, भूलीबाई पत्नी फतेहसिंह, गायत्रीबाई पत्नी रामनारायण, विद्याबाई सहित अन्य ने बताया कि वे सब नरसिंहगढ़ क्षेत्र के बरखेढ़ीगढ़ी पंचायत के चैनखुराखुं गांव निवासी हैं। सभी को शासन की लाड़ली बहना योजना का लाभ पूर्व से मिलता आ रहा था लेकिन विगत तीन माह से उन्हें योजना के तहत मिलने वाली 1250 रुपए की राशि नहीं मिली है। महिलाओं ने प्रशासन से मांग रखी है कि जांच करवाई जाए कि उन्हें अचानक योजना का लाभ क्यों मिलना बंद हुआ है। शिकायतकर्ता महिलाओं ने यह भी बताया कि वे सभी 60 वर्ष की नीचे की आयु की हैं ऐसे में नाम कैसे कट सकता है। सभी ने प्रशासन से जांच करवाते हुए नाम जुड़वाने की मांग की है।

# मंत्री के एससी जाति प्रमाण-पत्र को रद्द करने की मांग, ज्ञापन



**राजगढ़।** सारंगपुर विधायक एवं कौशल विकास व रोजगार राज्यमंत्री गौतम टेटवाल की जाति का मामला इन दिनों सभी जगह सुखियों में बना हुआ है। इस संबंध में हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर तो हुई ही है। वहीं मंगलवार को भीम आर्मी ने भी सामने आते हुए राज्यमंत्री के एससी जाति प्रमाण-पत्र पर आपत्ति उठाई। भीम आर्मी के अनेकों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे और अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मंत्री टेटवाल का अनुसूचित जाति-प्रमाणपत्र रद्ध करने की मांग रखी। इसके पूर्व सभी भीम आर्मी सेना के युवकों ने जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा टेटवाल एवं उनके पूरे परिवार की जाति जिनगर है जो कि पिछड़ा वर्ग के तहत आती है। आमी पदाधिकारियों ने पूरे मसले को संज्ञान लेकर प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई करवाने की मांग अपने ज्ञापन के जरिए रखी है।

## 1 करोड़ 50 लाख गायत्री मंत्र लेखन का लिया संकल्प

# जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

गायत्री प्रज्ञाभवन राजगढ़ में मातृशक्ति अखंडदीप जन्मशताब्दी श्रद्धा संवर्धन यात्रा का जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि उपजोन प्रभारी महेश केवट गुना, जिला समन्वयक गोविंद कुषवाह गुना, कार्यकारी जिला समन्वयक डॉ. ओ.पी. पंवार पचोर ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिले में 11 रथों के माध्यम से श्रद्धा संवर्धन यात्रा सभी ग्राम पंचायतों तक गुरूवर के संदेश लेकर पहुंची। समस्त पंचायतों में गायत्री परिवार द्वारा वृक्षा रोपण, नशा मुक्ति रेली का आयोजन, बालसंस्कार शाला का संचालन , गृह गृह गायत्रीयज्ञ आदि आयोजनों से समस्त ग्रामवासियों को जोड़कर आदर्ष ग्राम बनाना। यात्रा में सहभागिता निभाने वाले कर्मठ परिजनों का सम्मान किया गया। मातृषक्ति अखण्डदीप की जन्मषताब्दी 2026 के उपलक्ष्य में राजगढ़ जिले से 7000 नवीन साधकों द्वारा 1 करोड़ 50 लाख गायत्री मंत्र लेखन का संकल्प लिया। जिले की सभी तहसीलों से सेकड़ों की संख्या में गायत्री परिजन पधारे। कार्यक्रम का संचालन किषोर जानोरिया ब्यावरा ने किया। आभार डॉ. स्वभाव आचार्य ने माना। शांतिपाठ एवं सहभोज के साथ आयोजन का समापन हुआ।

# सब्जी मंडी में नाले पर मुरम डाल कर भूले बारिश का पानी पड़ोस के घर में घुसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के मध्य स्थित पुरानी कृषि उपज मंडी परिसर में गंदगी का अंबार छाया हुआ है। पुरानी कृषि उपज मंडी परिसर में विगत अनेकों वर्षों से सब्जी मंडी संचालित हो रही है, जहां से मंडी समिति को एक निश्चित आय भी अर्जित हो रही है। क्योंकि उक्त स्थान पर मंडी समिति द्वारा अब सब्जी विक्रेताओं की दुकानें एवं गोदाम संचालित हो रहे हैं। इस जगह से आय होने पर भी मंडी संचालन द्वारा परिसर में उचित रखरखाव एवं व्यवस्था का अभाव बना हुआ है, जिससे आसपास के लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। जैसे ही मानसून की शुरुआत हुई ओर सफाई व्यवस्था बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया। सब्जी मंडी के एक कोने में रोजाना सड़ी गली



सब्जियों फल के ढेर लगे होने से आसपास के रहवासियों दुर्गंध बदबु से परेशान है।

मंडी के समीप में रहने वाले निवासियों द्वारा बताया गया कि बारिश के मौसम में पूरी सब्जी मंडी का पानी एक कोने में निकलता था, परंतु उसमें भी मंडी समिति द्वारा मुरम डालकर उसे बंद कर दिया गया जिससे पूरी बारिश का पानी रहवासी के घर में घुस रहा है। इस वजह से मकान को भी क्षति पहुंची है। तथा वहां के रहवासीयों ने बताया कि बीमारीयां फैलने का भय व्याप्त हो चुका है। समय-समय पर उक्त क्षेत्र में निवास रत लोगों ने संबंधित मंडी समिति में कई बार इस समस्या के समाधान के लिए अवगत कराया। परंतु मंडी सचिव द्वारा हमेशा अनदेखी कर समस्या को ज्यों का त्यों बना रहने पर विराम दिया जाता है। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि अगर मंडी प्रशासन द्वारा खाली जगह पर आरसीसी का निर्माण कर नाली बना दी जाए तो हमें इस समस्या न से निजात मिल जाएगी।

## जनसुनवाई में शिकायत लेकर पहुंची समूह महिलाएं

# 'सहायिकाएं खाना बनाएंगी तो क्या करेंगी हम रसोइया महिलाएं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आंगनबाड़ियों एवं स्कूलों के मध्यान्ह भोजन का काम अब आंगनबाड़ी सहायिकाओं से करवाए जाने के आदेश हुए हैं। सालों से बहुत कम मानदेय पर खाना बनाने का यह कार्य विभिन्न स्व-सहायता समूहों की महिला रसोइयों से करवाया जा रहा है।

ऐसे में नए आदेश के विरोध में सैकड़ों महिलाएं मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचीं और मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। शिकायत लेकर पहुंची महिलाओं ने कहा कि एक ओर तो शासन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की बात कह रहा है वहीं पूर्व से छोटे-मोटे काम कर रहे महिलाओं से उनके रोजगार छीने जा रहे हैं। महिला स्व-सहायता समूह महासंघ के सभी महिलाएं इस फैंसले का विरोध करती हैं। अगर ये आदेश वापस नहीं लिया गया तो आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्कूलों में भोजन बनाने का काम सभी द्वारा बंद कर दिया जाएगा। इसके साथ ही सभी रसोइया महिलाएं एवं समूहों की कार्यकर्ता सड़क पर आकर विरोध प्रदर्षन करेंगी। अगर किसी रसोइया महिला को हटाया गया तो हाईवे जाम कर उग्र प्रदर्षन करने की चेतावनी भी दी गई है। ज्ञापन सौंपने पहुंची महिलाओं में कलाबाई नागर, नौरंगबाई, शकुंतलाबाई, नौरंगबाई सहित संगठन से जिले भर की महिलाएं शामिल थीं।

# सूने मकान से सोने और चांदी के जेवर सहित नकदी चोरी, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



पुलिस लगातार चोरी के अपराधियों की धड़पकड़ में लगी है, फिर भी नगर सहित ग्रामीण इलाके में चोरी का सिलसिला थामने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार रात को नगर के वार्ड क्रमाक 7 में एक सूने मकान से सोने चांदी के जेवर सहित नकदी चुरा ले गए। जिसकी रिपोर्ट मकान मालिक ने पुलिस थाने में की है। रिपोर्ट पर पुलिस गंभीरता से जांच में जुटी है।

जानकारी अनुसार सारंगपुर के वार्ड क्रमांक 7 निवासी गोपाल गवली अपने परिजन के साथ खाटूश्याम दर्शन करने गए थे घर पर कोई नही था दर्शन करके लौटने पर घर का ताला टूटा हुआ था घर में जाकर देखा तो अलमारी से नगदी सहित सोने चांदी के जेवर ले उड़े जिसकी रिपोर्ट पुलिस थाने में की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

# विट्ठलनगर में पशु क्रूरता का मामला सामने आया

**विदिशा।** शहर की विट्ठल नगर में पशु क्रूरता का मामला सामने आया है। यहां पर कुछ असामाजिक तत्वों ने एक बैल को रस्सी से बांधकर छोड़ दिया था। बेल का मुंह भी रस्सी से बंधा था और चारों पैर बंधे हुए थे। जिससे न वह कुछ खा पा रहा था। बैल की हालत भी खराब होती जा रही है, आसपास के लोगों ने इस आपत्ति जताई है। वही कोलोइनाइजर के खिलाफ भी कार्यवाही की मांग की है। कॉलोनी में कवर्ड कैंपस होने के बावजूद भी इस तरह की घटनाएं आम होती जा रही हैं। वहीं कॉलोनी में रेरा टीएन सीपी तमाम प्रकार के नियम होने के बावजूद भी लगातार नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है।

# जंगल में अतिक्रमण नहीं रोक पा रहा वन विभाग का अमला

**शमशाबाद।** शमशाबाद वन परिक्षेत्र में वन विभाग की जमीन पर अतिक्रमण का खेल जारी है। जहां भू-माफिया ग्रामीण क्षेत्रों से लगी विभाग की जमीन पर कब्जा कर खेती कर रहे हैं। विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से कागजी खानापूर्ति के लिए पुराना अतिक्रमण करना बताया जा रहा है। वहीं जिम्मेदार अपना पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं। जहां कर्मचारियों की मिलीभगत से अतिक्रमणकारी जंगल के आसपास खेत बनाकर खेती कर रहे हैं। जंगल काटकर वन विभाग की जमीन पर असरदार लोगों द्वारा अनाधिकृत रूप से कब्जा कर खेत बना लिए गए हैं। सिंगरामपुर के किसान रामनाथ सिंह राजपूत ने बताया कि शमशाबाद वन परिक्षेत्र के भगवानपुर, बरोदिया, भियांखेड़ी, पिपरोधा, बांसखोह, सिंगरामपुर के जंगल में बागड़ लगाकर अतिक्रमण किया जा रहा है कुछ जगह वन भूमि में खेती की जा रही है। डीएफओ ओमकार सिंह मार्सकुले का कहना है कि एसडीओ के द्वारा अभी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी, जिन गांव में अतिक्रमण किया गया है उन्हे हटाया जाएगा।

## 28 जुलाई को पीएम के मन की बात को हर बूथ पर सुनाने लिया संकल्प

# भाजपा मंडल की बैठक आयोजित, पदाधिकारियों ने दी संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ा



राजगढ़ जिले के बोड़ा में भारतीय जनता पार्टी के आगामी कार्यक्रम को लेकर पीपलवाले हनुमान मंदिर परिसर में भाजपा मंडल बोड़ा की बैठक हुई। बैठक की शुरुआत भारत माता वा पार्टी के पितृ पुरूष पंडित दीनदयाल उपाध्याय,के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण कर की गई।

बैठक में संघटन के आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक मोहन शर्मा ने दी। विधायक मोहन शर्मा दादा ने पदाधिकारियो ओर कार्यकर्ताओं को बताया कि आगामी दिनों में शक्ति केंद्र सम्मेलन आयोजित कर बूथ का नेतृत्व करने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान करना है। 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर मठ मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस पर सैनिकों का सम्मान एवं प्रतिमा स्थलों पर पुष्पांजलि कार्यक्रम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 28 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात को प्रत्येक बूथ पर सुनना है। 23 जून से प्रारंभ किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान को 4 अगस्त तक संचालित किया जाएगा। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस एवं 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर झंडा वंदन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ सांसद द्वारा मतदाता अभिनंदन यात्रा निकाली जाएगी और देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती एवं रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिले में मातृ शक्ति के विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें महिलाओ का स्वागत सत्कार सम्मान करना। बैठक को मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा ने मध्यप्रदेश में ऐतिहासिक सफलता अर्जित की है। भाजपा ने प्रदेश के सभी 29 लोकसभा क्षेत्रों में विजय हासिल की है। सफलता प्राप्त करने के साथ उस सफलता को बनाए रखना भी बहुत जरूरी है। इसलिए आप सभी कार्यकर्ता इसी तरह कार्य करते रहें और आगामी चुनावों में भी पार्टी की इस सफलता को बनाए रखें। उक्त जानकारी भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश राठौर ने दी।

मंचासीन अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा देवीसिंह रूहेला , नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि करण जायसवाल, उपाध्यक्ष सतीश, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बंटी सोनी, भाजपा के वरिष्ठ नेता विष्णू प्रसाद गुदेनिया, डॉ.प्रताप सिंह राजपूत, सरजन सिंह राजपूत, ब्रजमोहन गुजर, का पुष्प माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल बोड़ा के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारियों, कार्यकर्ता, और सभी जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या मोजूद थे।

# सहरिया आदिवासियों ने रैली निकाल कर कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

16 जुलाई को आदिवासी एकता महासभा जिला गुना के नेतृत्व में पाटई सराय, फ़तेपुर, खेराई आदि ग्रामों के सहरिया आदिवासियों ने रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. सत्येन्द्र सिंह को ज्ञापन देकर चर्चा की गई। प्रदर्शन के पूर्व सभा हुई। सभा को आदिवासी एकता महासभा के अध्यक्ष रमेश सहरिया, सीटू के अध्यक्ष सुरेन्द्र सैनी तथा मध्यप्रदेश किसान सभा के जिला संयोजक डॉ. विष्णु शर्मा ने संबोधित किया। आदिवासी एकता महासभा के अध्यक्ष रमेश सहरिया एवं वक्ताओं ने ज्ञापन में दर्शाई मांगों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पाटई सराय की शासकीय स्कूल के पास वन विभाग की सीमा में आवासीय भूमि पर सहरिया आदिवासियों के करीब 400 मकान 15-20 वर्षों से बने हुए हैं। अनेकों सहरिया आदिवासी परिवारों के वन अधिकार कानून के तहत पट्टे भी हो चुके हैं तथा अनेकों मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राशि स्वीकृत होने के बाद कुटीर बनी हुई हैं।

10 जुलाई को वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा सहरिया आदिवासियों की सम्पूर्ण बस्ती की नाप जोख की गई है। जब बस्ती में रहने वालों ने नपाई करने के संबंध में जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि कुछ पैसे वालों ने बस्ती के आसपास की करोड़ों रुपये कीमत की जमीन खरीद ली है। और उसी जमीन की सीमा में आदिवासी बस्ती भी आ रही है। और उन्हीं लोगों के कहने पर जमीन की नपाई की जा रही है।